हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 जुलाई 2025




तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री

न्यूनतम 25.7 डिग्री



बिजली सप्लाई सुचारू रखने के लिए कलेक्टोरेट के पास पेड़ों की छंटाई करते विद्युतकर्मी।

## खबर संक्षेप

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन प्रार्थना सभा भवन जल संसाधन परिसर में 13 जुलाई दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। अधिवेशन में आगामी तीन वर्षों के लिए एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए जीआर चन्द्रा, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ को निर्वाचन अधिकारी एवं पवन शर्मा, किशोर शर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के सभी जिलों से एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### उद्योग व्यापार कैरियर पर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण विकास परिषद द्वारा 13 जुलाई को डीएलएस कालेज में उद्योग, व्यापार, कैरियर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसमें स्टेट बैंक के अधिकारी, जिला उद्योग विभाग से संबंधित विशेषज्ञ द्वारा कार्य को सुलभ बनाने टिप्स दिए जाएंगे।

### बाल संप्रेक्षण गृह, दिव्यांग बच्चों के लिए रुपए जमा

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में अधिरोपित शास्ति की राशि को बाल संप्रेक्षण गृह एवं दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित संस्था में जमा करने हेतु आदेशित किया गया है। इसमें 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में अधिरोपित शास्ति की रकम कुल रकम 4 लाख दो हजार रुपए राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित बाल संप्रेक्षण गृह एवं शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित बाल गृह में जमा किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। इसमें दो लाख 6 हजार रुपए शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिये संचालित संस्था में तथा एक लाख उन्नासी हजार रुपए बाल संप्रेक्षण गृह में जमा किया जा चुका है। इस राशि का उपयोग उपरोक्त संस्था द्वारा बालकों के समुचित विकास हेतु शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, खेल सामग्री और मानसिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में किया जाना है।

# रुक गया अमेरी फाटक पर 11.50 करोड़ के अंडरब्रिज का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरु करने के बाद अचानक बंद कर दिया गया है। इसके तहत खोदाई और अन्य कार्यों की शुरुआत अमेरी की ओर से कर दी गई है। इस कार्य के बंद होने के कारण प्रतिदिन 10 हजार से अधिक राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है। करोड़ों रुपए की राशि की स्वीकृति वर्ष 2022-23 में मिल चुकी है, जिसकी शुरुआत रेल प्रशासन ने कर दी। एक साल पहले अंडरब्रिज बनाने की शुरुआत लाइन पार से की गई, लेकिन कुछ दिन पहले अचानक इस कार्य को बंद कर दिया गया है।



## बंद बेरियर के कारण प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं 10 हजार से अधिक राहगीर



### स्कूली बच्चों को परेशानी

घुरु अमेरी से तिफरा तक शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा इलाके में निवास करता है। सालों से अमेरी रेल क्रासिंग से गुजरना परेशानी का कारण बना है। फाटक जैसे ही खुलता है दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक हार्न बजाकर आगे बढ़ने कोशिश करते हैं। इससे काफी शोर होता है, जिसके कारण सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।

### पांच घंटे फंसे रहे लोग

अमेरी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज का काम पूरा नहीं होने के कारण पब्लिक काफी परेशान हो रही है। शुक्रवार की दोपहर को भी क्रासिंग के दोनों ओर के बेरियर करीब पांच घंटे तक बंद रहे। इसकी वजह से घुरू अमेरी और सेंट फ्रांसिस की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कतार में बच्चों के साथ मरीजों, महिलाओं और वृद्धों की संख्या भी बहुत थी। पांच घंटे बेरियर बंद के दौरान कई लोग अपने वाहनो को बेरियर के नीचे से ले जाने की कोशिश भी करते रहे। इस दौरान उसलापुर आरपीएफ के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का काम किया।

### रेलवे कर रही पूरा काम

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना है। इसके उपरांत रेलवे अंडरब्रिज का पूरा काम करेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से ड्राइंग और डिजाइन पहले ही बना दी गई है।

### अमेरी अंडरब्रिज निर्माण

जानकारी के अनुसार अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स होगा। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर रहेगा, जिसके बीच में दीवार होगी। इस तरह अंडरब्रिज में एक ओर जाने का दूसरी ओर से आने का मार्ग रहेगा। यह सभी बाक्स 38 मीटर तक रहेंगे। मेन रोड तक एप्रोच रोड तक कुल मार्ग की लंबाई 272 मीटर होगी। अंडरब्रिज से टू व्हीलर के अलावा फोर व्हीलर व मेटाडोर गुजर सकेंगे। बारिश का पानी निकालने के लिए पंप लगाए जाएंगे ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी न हो सके। इसकी कुल लंबाई 272 मीटर, ऊंचाई 4.5 मीटर, कुल चौड़ाई 8 मीटर, कुल लागत 576.03 लाख है।

### विभाग को दी जाएगी सूचना

अमेरी रेल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज के लिए राज्य शासन और रेलवे की ओर से राशि स्वीकृत कर दी गई है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया के बाद काम की शुरुआत कर दी गई है, ताकि क्रासिंग से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी जल्द दूर हो सके। अगर वहां काम रूका है तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी जाएगी।

**- अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे, उखड़ने लगी गिट्टी

# बारिश शुरु होते ही उधड़ने लगीं शहर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून की सक्रियता से झमाझम बारिश शुरू होते ही शहर की सड़कों की सूरत बिगड़ने लगी है। कई जगहों पर सड़कें उधड़ गई हैं और जगह-जगह गढ्ढे पड़ गए हैं। वहीं कुछ जगहों पर सड़क से गिट्टी निकलने लगी है। इन उधड़ी सड़कों पर लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

बरसात में सड़क खराब होना आम बात हो गई है, क्योंकि पहले की तरह अब मजबूत और टिकाऊ सड़क ही नहीं बनती है। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की जाती है, जिससे बरसात में लगातार दो-चार दिनों तक बारिश होने पर सड़क का डामर छोड़ देता है और सड़क उधड़ने लगती है उसमें से गिट्टी निकलने लगती है। इस बार भी बरसात लगने के बाद सप्ताहभर से लगातार और अच्छी बारिश हो रही है। इस शुरूआती बरसात ने ही शहर ही सड़कों का सूरत बिगाड़ दी है।





### जूना बिलासपुर पार करना मुश्किल

जूना बिलासपुर क्षेत्र में हटरी चौक से गांधी चौक तक मुख्य सड़क बरसात में पूरी तरह से उधड़ गई है और सड़क में जगह-जगह गढ्ढा हो गया है। लोगों का इस सड़क से गुजरना दूभर हो गया है और वाहन चालक बहुत संभलकर इस सड़क से गुजरते हैं। बरिश होने पर इन गढ्ढों पर पानी भर जाता था इसलिए फिलहाल सड़क के गढ्ढों पर जीरो गिट्टी भरी गई है।

### खराब सड़कों को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा है जवाब

खस्ताहाल सड़कों के मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू कर दी है और नगर निगम से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने सड़कों के मामले में शपथ पत्र पेश करने कहा है, क्योंकि शहर की कई सड़कें पहली बारिश में उधड़ने लगी है। इन खस्ताहाल सड़कों पर लोगों को आवागमन में बहुत समस्या होती है वहीं दुर्घटना का भय बना रहता है।

### उधड़ने लगी चांटापारा की सड़क

नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में सालभर पहले डामरीकरण किया गया था। लेकिन यह सड़क बारिश होने के साथ ही उधड़ने लगी है। कोन्हेर गार्डन के पास से लेकर चौक तक सड़क से डामर छोड़ने लगा है, जिससे सड़क की जीरो गिट्टी निकलने लगा है। जिस जगह पर सड़क उधड़ रही है वहां पर मौसम सूखा रहने पर वाहनों के गुजरने से डस्ट उड़ने लगता है। कुछ दिनों की बारिश के बाद सड़क में गढ्ढा भी होने लगेगा।

### इन सड़कों की हालत खराब

इसी तरह इंदिरा सेतु से कुदुदण्ड की ओर जाने वाली सड़क इस बरसात में खराब हो गई है। सड़क में जगह-जगह गढ्ढे नजर आने लगे हैं और पानी गिरने पर इन गढ्ढों में पानी भरा रहता है। लिंकरोड शहर का व्यस्तम मार्ग है, जिसमें कई जगहों पर सड़क में गढ्ढे हो गए हैं। सीएमडी कालेज चौक पास, पीजीबीटी कालेज से शिव टाकिज चौक के पास की सड़क खराब हो गई है। दयालबंद, अशोकनगर, मध्यनगरी चौक, सरकंडा क्षेत्र की सड़कें भी बरसात में खराब हो रही है।

### पेंचवर्क कराया जा रहा

बरसात में पानी की वजह से सड़क खराब होती है और सड़कों पर गढ्ढा हो जाता है। खराब सड़कों का पेंचवर्क कराया जा रहा है और उन गढ्ढों को डब्लूएमएम करके भरा जा रहा है। जूना बिलासपुर वाली सड़क बनने वाला है और पीडब्लूडी से स्वीकृत भी हो गई है।

**- खजांची कुम्हार,** प्रभारी कमिश्नर, नगर निगम

## सिम्स में पहली बार ऐसा कमाल, पलक और तिरछेपन से मिली निजात

# आपरेशन से सुधरी युवक की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के नेत्ररोग विभाग ने कमाल कर दिखाया है। आंखों के तिरछेपन और बंद पलक की शिकायत लेकर सिम्स पहुंचे युवक को सिम्स के डाक्टरों ने बेहतर जिंदगी दी है। एक ही सफल आपरेशन कर युवक के आंखों को नई नजर दिला दी है।

बताया जा रहा है कि बेमेतरा से आए 21 वर्षीय युवक की दायीं आंख की झुकी हुई पलक और तिरछेपन की जटिल समस्या थी, यह जन्म से ही परेशानी बनी हुई थी। सिम्स ने युवक का आपरेशन कर इस समस्या से निजात दिलाई है। मरीज इलाज के लिए भटकर आस खो चुका था, उसे सिम्स में आशा नजर आई और सिम्स में इलाज के लिए पहुंचा। यहां नेत्र रोग विभाग की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभा सोनवानी एवं उनकी टीम द्वारा संपूर्ण जांच के बाद आपरेशन किया गया। ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, एक ही आंख में झुकी पलक और तिरछेपन का एक साथ इलाज किया गया। सिम्स के इतिहास में यह पहली बार था जब इस तरह का संयुक्त नेत्र ऑपरेशन किया गया। इस दौरान डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, एमएस डॉ. लखन सिंह, एचओडी डॉ. सुचित सिंह के निर्देशन और मार्गदर्शन में डॉ. प्रभा सोनवानी, डॉ. आरूषी शर्मा एवं डॉ. कुणाल सिंह ने आपरेशन किया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और अब मरीज की आंख की पलक सामान्य हो चुकी है। साथ ही तिरछेपन में भी पूर्ण सुधार हो चुका है। जिससे मरीज को आत्मविश्वास मिला है।





### निजी अस्पतालों में लाखों का खर्चा

खास बात यह है कि इस तरह का आपरेशन महज निजी अस्पतालों में ही मुहय्या हो पाता है, जटिल और गंभीर आपरेशन के लिए प्रशिक्षित डाक्टर और टेक्नीशियन की जरूरत पड़ती है।। सिम्स में यह कमाल कर दिखाया गया है, संसाधनों की कमी के बाजवूद आपरेशन किया गया है। ऐसे ऑपरेशन केवल निजी अस्पतालों में लाखों रूपए के भरोसे ही हो सकते हैं, जबकि सिम्स में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

# गाड़ियां रोककर ड्राइवरों से गाली-गलौज

**बिलासपुर।** बिना अनुमति के टेंट लगाकर धरना देना व एनटीपीसी की गाड़ियों को रोककर ड्राइवरों से गाली गलौज कर टायर से हवा निकालने पर पुलिस ने धरना देने वाले 10 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, इनमें से 7 लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। वहीं टेंट को जब्त कर लिया गया है।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, विगत 3 दिन से क्षेत्रीय ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के द्वारा एनटीपीसी मटेरियल गेट के पास टेंट लगाकर बाहरी ट्रांसपोर्टर को बंद करने व क्षेत्रिय ट्रांसपोर्टर को काम देने व ओवरलोड बंद करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। धरना देने वाले एनटीपीसी से राखड़ लेकर निकलने वाली गाड़ियों को रोककर ड्राइवरों से गाली गलौज व ओवर लोड होने पर आरटीओ के माध्यम से कार्रवाई के लिए गाड़ी थाना भेजी जा रही थी। 11 जुलाई को एनटीपीसी के अधिकारी धरना स्थल पर जाकर आंदोलनकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। उसके बाद भी आंदोलनकारियों के द्वारा एनटीपीसी से निकलने वाले गाड़ियों को रोका जा रहा था। समझाइश के बाद भी आंदोलन समाप्त नहीं करने पर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए बिना अनुमति के आंदोलन करने पर टेंट को उखाड़कर जब्त कर लिया।

ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर गंगाधर मांजरेकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आंदोलनकारी 10 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने क्षत्रित ट्रांसपोर्टर संघ के अध्यक्ष शत्रुघन लास्कर, हेमंत यादव, कृष्णा यादव, कल्लू जायसवाल, अभिषेक यादव, संतोष साहू को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

**10 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज**

- 7 को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश
- बिना अनुमति के धरना, टेंट उखाड़कर किया जब्त




## खबर संक्षेप

### शत प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों को मिलेंगे दो लाख रुपए



**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा सभी बीईओ, एबीईओ , प्राचार्य, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। शिक्षा के सम्पूर्ण आयाम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई.ए.एस. अरविंथ कुमारन डी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्व्यक, समस्त एपीसी समग्र शिक्षा एवं जिला प्रोग्रामर उपस्थित रहें । कलेक्टर ने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों को 2 लाख एवं 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को 1 लाख रूपए की राशि जिला खनिज न्यास निधि से प्रदाय किया जाएगा। जिसका उपयोग विद्यालय के बेहतर संचालन हेतु किया जा सकेगा। इसी प्रकार 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया कि युक्तियुक्तकरण पश्चात जिन शिक्षकों को माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण को छोड़कर अन्य शिक्षकों को जिन शालाओं में पदस्थ किया गया है उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही की जावें। जिन शिक्षकों के द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया गया है उन्हें सूचीबद्ध करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावें । शिक्षकों की विद्यालयीन समय में नियमित उपस्थिति एवं निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु अध्यापन को रूचिकर बनाने हेतु यूट्यूब, स्मार्ट क्लास, आईसीटी, सहायक शिक्षण सामग्री का अधिक से अधिक प्रयोग, समूह शिक्षण, प्रायोगिक शिक्षण एवं दैनिक जीवन के साथ शिक्षण वस्तु को सम्बद्ध करते हुए अध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों को समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाने हेतु शिक्षक बच्चों को समय प्रबंधन का कौशल सीखायें, पुस्तक पढ़ने की महत्ता बताया।

### करुणा बुद्ध विहार के प्रांगण में किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** करुणा बुद्ध विहार सिरगिट्टी, झोपड़ा पारा, कीर्ति नगर में बुद्ध पूर्णिमा मनाया गया। इस अवसर पर करुणा बुद्ध विहार झोपड़ा पारा प्रांगण में नीम तथा अशोक के पौधे लगाए गए। इसमे केसरी इंगोले पार्षद, वार्ड नंबर 11, संत कबीर नगर सिरगिट्टी एवं सुन्दर सिंह तथा बुद्ध विहार के सामाजिक लोगों ने मिलकर पौधरोपण किया । इसमे मुख्य रूप से सुश्री उषा वाहने अध्यक्ष करुणा बुद्ध विहार, सचिव सुश्री सोनल वैद्य, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश नायक, अर्चना ठावरे, विमल रंगारी, गोपाल पाट्रे, रमेश गोंडाले, चंद्रा नंदा गवली, मनीष पाटिल, सोनी बंसोड, लीला रामटेके, रीता वासनिक, मंजू वाहने, सम्मि रामटेके, सपना गजभीए आदि मौजूद थे।

### स्कूली छात्राएं बैनर-पोस्टर लेकर उतरीं सड़क पर, किया जागरूक




**बिलासपुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान के तहत नियमित रूप से चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के विभिन्न चरणों के क्रम में जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में समग्र छात्र जागरूकता अभियान का आज स्वामी आत्मानंद मल्टीपरपज हायर सेकंडरी स्कूल से शुभारंभ किया गया। अभियान के विभिन्न सभी जागरूकता कार्यक्रम को समेकित रूप में प्रति शनिवार जिले के सभी विकासखंड में नियमित रूप से छात्र जागरुकता कार्यक्रम के रूप में आयोजित कर संचालित करने निर्धारित किया गया है। 12 जुलाई को समग्र छात्र जागरूकता अभियान का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने किया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन कर यातायात, साइबर, नशामुक्ति, नारी जागरण, महिला एवं बाल अपराध, मोबाइल एडिक्शन/ लत, चेतना शियान आदि पर आधारित नृत्य,गायन, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से उपस्थित छात्र छात्राओं को विशेष संदेश दिया। मुख्य अतिथि द्वय जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने विषय आधारित जागरूकता के सम्बंध में छात्र-छात्राओं को दी। जिला न्यायालय से ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेड द्वितीय श्रेणी रिया चक्रवर्ती एवं जैन द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विविध अपराधों के संबंध में विभिन्न प्रावधानों एवं उपबंधों के बारे में बताया।तत्पश्चात तख्तियां लेकर आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन तथा अपराध से दूर रहने रैली निकाली गई। मंच पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जयसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, सुश्री रिची जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय श्रेणी) सुश्री रिया चक्रवर्ती, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, असीम माथुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद तिवारी, सुरेश सिंह, डॉ चंदना पाल, लाल चंद मोहले एसडीओपी मस्तूरी, उमाशंकर पांडेय, सुश्री मीनाक्षी पांडेय आदि मौजूद थे।

### अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की न्याय पदयात्रा को आप का समर्थन




**बिलासपुर।** अंबेडकर चौक से रायपुर तक जाने वाली अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की संवैधानिक यात्रा को आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया। संघ द्वारा आज दोपहर संवैधानिक न्याय पदयात्रा का आरंभ अंबेडकर चौक से रायपुर के लिए हुआ। इस संवैधानिक न्याय यात्रा को आप पार्टी द्वारा भी समर्थन दिया गया । कर्मचारी संघ के इस संवैधानिक न्याय पदयात्रा में आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश संगठन मंत्री सरदार जसबीर सिंह चावल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, इरफ़ान सिद्दीकी एवं अरविंद पाण्डेय सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पैदल मार्च करते हुए पदयात्रा को रायपुर रवाना करते हुए समर्थन व्यक्त किया गया।

---

**लापरवाही** — रेत की ढुलाई में लगे ट्रैक्टर, डम्पर और आटो जैसे वाहन सड़क पर फरार्टा भर रहे

# सड़क पर दौड़ रहीं बिना नंबर की गाड़ियां, नहीं हो रही जांच, कार्रवाई भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट के वाहन धड़ल्ले से बिना किसी रोक टोक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में परिवहन विभाग भी आंख बंद कर मौन बैठा है। मुख्य चौक चौराहों से गुजरते इन वाहनों से जहां दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ रहता है, वहीं पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग की लापरवाही को भी दर्शाता है।

अक्सर रेत की ढुलाई में लगी ट्रैक्टर, डम्पर और आटो जैसे वाहनों को बिना नंबर प्लेट के सड़क पर फरार्टा भरते देखा जा सकता है। कई बार इन बिना नंबरों वाले वाहनों से सड़क दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। वाहन नंबर न होने कि वजह से वाहन चालक नहीं पकड़े जाते हैं। पिछले साल दिसंबर माह के दौरान तोरवा में हाइवा ने सुबह सवेरे एक व्यक्ति को कुचल दिया था, इस मामले में अबतक चालक फरार है।

शहर में रेत से भरे ऑवर लोड ट्रक व ट्रैक्टर, डाला में बिना नंबर के परिवहन करती नजर आ रही है और परिवहन विभाग मौन साधे हुए है। ट्रैफिक विभाग कभी कभार चालान काटता है, लेकिन ऐसे चालकों पर कार्रवाई के नाम पर एक भी मामले दर्ज नहीं हैं।



बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर।

### जांच और कार्रवाई बंद

खास बात यह है कि ऐसे वाहन सड़कों पर तब दौड़ रहे होते हैं, जब प्रशासनिक अमला सो रहा होता है, सुबह 6 से 9 बजे के बीच रेत के डम्पर और ट्रैक्टर मौत बनकर सड़क पर दौड़ते हैं। इसी प्रकार शाम 7 बजे के बाद रात भर ऐसी गाड़ियों का उपयोग किया जाता है। पकड़े जाने पर भी महज चालानी कार्रवाई की जाती है। लगातार सड़क नियमों की धज्जियां उडाई जा रही है। खास बात यह है कि बिना नंबर प्लेट के वाहनों का परिचालन पूरी तरह से अवैध है। इसके बाद भी आरटीओ विभाग की लापरवाही चरम पर है।

### विभाग करता है कार्रवाई

परिवहन विभाग हर जगहों पर कार्रवाई नहीं कर सकता है। चौक चौराहों पर यातायात पुलिस मुस्तैद रहती है, ऐसे में कार्रवाई की जा सकती है। परिवहन विभाग के अमले को भी अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश समय-समय पर दिए जाते हैं।

**-असीम माथूर**, प्रभारी आरटीओ, परिवहन विभाग

---

निर्धारित तिथि के बाद के आवेदनों पर लगेगी पेनाल्टी

# एडमिशनः मेरिट लिस्ट में नाम वाले छात्रों के आवेदन होंगे अग्रेषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एयू ने पात्रता को लेकर कालेजों को जारी किया निर्देश

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पात्रता प्रमाण के संबंध में कालेजों को निर्देश जारी किया गया है कि जिन छात्रों का नाम प्रवेश की मेरिट सूची में है उन्हीं के पात्रता आवेदनों को अग्रेषित करने कहा गया है।

नियमित विद्यार्थियों के लिए शासन द्वारा प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राचार्य या प्रवेश प्रभारी द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र संबंधी अग्रेषित आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। उसके बाद आवेदन करने पर कालेज एवं छात्र पर पेनाल्टी लगाया जाएगा। इसी प्रकार प्राईवेट छात्रों के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि तक अग्रेषित आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे, उसके पश्चात आवेदनों पर पेनाल्टी लगेगी। यूनिवर्सिटी ने पात्रता प्रमाण किन विद्यार्थियों को लगना है और किनको नहीं लगना है यह स्थिति स्पष्ट कर दी है। स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं राज्य शासन द्वारा मान्य बोर्ड सीबीएसई, आईसीएसई द्वारा संचालित विद्यालयों से बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पात्रता की प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। काउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन इन इंडिया की सूची में सम्मिलित बोर्ड से बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों छात्र-छात्राओं को पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश के राजकीय यूनिवर्सिटी में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एकीकृत पाठयक्रम प्रभवशील होने के कारण स्नातक स्तर के भाग प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर उत्तीर्ण या प्रोन्नत छात्र-छात्राओं को पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।



इसी तरह मान्यता प्राप्त निजी यूनिवर्सिटी से स्नातक की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता के लिए पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा जिन विद्यार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, उनमें स्नातक स्तर पर प्रदेश के स्वशासी कालेजों, मान्यता प्राप्त निजी यूनिवर्सिटी, केन्द्रीय यूनिवर्सिटी से अंतिम वर्ष के अधूरे पाठयक्रम के विद्यार्थियों को पाठयक्रम पूर्ण करते समय परीक्षा पद्धति परिवर्तन सेमेस्टर से वार्षिक करने पर पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। स्नातकोत्तर स्तर के लिए प्रदेश के बाहर के मान्य यूनिवर्सिटी से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर स्तर के लिए प्रवेश के लिए पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। प्रदेश के स्वशासी कालेजों, निजी यूनिवर्सिटी, केन्द्रीय यूनिवर्सिटी, राजकीय यूनिवर्सिटी से अधूरा पाठयक्रम उत्तीर्ण छात्रों को पात्रता प्रमाण पत्र कीआवश्यकता होगी।

### डायरिया अनकंट्रोल रोजाना मिल रहे मरीज

**बिलासपुर।** रतनपुर में डायरिया के मरीज लगातार मिल रहे हैं, पिछले 15 दिनों से हर रोज मरीजों के आने का सिलसिला जारी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग डायरिया पर कंट्रोल नहीं कर सका है। खास बात यह है कि विभाग सर्वे कर दवा का वितरण करने और जागरूकता फैलाने का दावा कर रहा है लेकिन दूसरी ओर डायरिया के मरीजों में कमी नहीं आ रही है। शनिवार व रविवार को रतनपुर में 5 मरीज मिले, इस दौरान इन मरीजों को उल्टी और दस्त की समस्या रही। इसमें 3 मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है। इस दौरान विभाग ने सर्वे कर 21 लोगों की मलेरिया जांच, 68 सिकल सेल की जांच की है। पिछले 15 दिनों से डायरिया के मरीज मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने सबक नहीं लिया है जिसके कारण मरीजों के आने का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि खराब पानी की समस्या के कारण ही क्षेत्र में डायरिका का प्रकोप फैला है और नालियों के बीच से अभी भी पीने का पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है, यही कारण है कि लोगों को डायरिया ने अपनी चपेट में ले लिया है। बारिश शुरू होते ही शहर सहित गांवों में डायरिया फैलने की आशंका बनी रहती है। डायरिया फैलने से बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं सभी बीमार पड़ रहे हैं, इसके बाद भी प्रशासन आंख मूंदे बैठी है।

## एजुकेशन प्लस

### चौकसे कॉलेज छात्रों की पहली पसंद



**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज का सिविल इंजीनियरिंग विभाग इंजीनियरिंग के इच्छुक छात्रों के लिए पहली पसंद बन गया है। 24 साल पुराना यह कॉलेज अपनी शानदार शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है। हाल हीमें आयोजित एक मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 8 कंपनियों ने 56 छात्रों का चयन किया है, जो कॉलेज के शानदार करियर अवसर को दर्शाता है।

विभाग ने हाल ही में नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन से मान्यता हासिल की है, जो बिलासपुर क्षेत्र में पहला ऐसा निजी संस्था है। यह मान्यता इस बात को दर्शाता है कि कॉलेज उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और वैश्विक मानकों का पालन करता है। एनबीए मान्यता सुनिश्चित करती है कि सिविल इंजीनियरिंग कार्यक्रम वैश्विक स्तर की शिक्षा देता है, जो छात्रों को बेहतर ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। एनबीए मान्यता वाली डिग्री को कंपनियां अधिक महत्व देती है, जिससे अच्छी नौकरियां मिलने की संभावना बढ़ती है। यह डिग्री को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाती है, जिससे छात्र विदेश में पढाई या नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एनबीए मान्यता वाले कॉलेज उद्योगों की आवश्यकता के हिसाब से पाठ्यक्रम तैयार करते हैं, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकों का अनुभव मिलता है। इससे छात्रें को किताबी ज्ञान के साथ–साथ समस्या समाधान, नेतृत्व और व्यवहारिक कौशल भी मिले।

### एलसीआईटी के 25 छात्रों का चयन

**बिलासपुर।** एलसीआईटी द्वारा आयोजित विशेष प्लेसमेंट वीक एक बार फिर छात्रों के उज्जवल भविष्य और उद्योग-शिक्षा समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। संस्थान की इस पहल ने न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर दिए, बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी स्पष्ट प्रतिबद्धता भी दर्शाई। इस सप्ताह के दौरान सीसीपीएल, अभियंत्री इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड और योकोहामा टायर्स लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की।

सीसीपीएल द्वारा आयोजित ड्राइव में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग तथा एमबीए के विद्यार्थियों में से 4 प्रतिभागियों का चयन हुआ। अभियंत्री इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड ने भी इन कोर्सेज से 3 छात्रों को चुना। कंपनियों ने विद्यार्थियों की




व्यावसायिक सोच, तकनीकी समझ और लचीलापन को सराहा। प्लेसमेंट वीक का सबसे उल्लेखनीय और प्रेरणास्पद भाग रहा योकोहामा टायर्स द्वारा आयोजित महिला ओपन प्लेसमेंट ड्राइव जो छत्तीसगढ़ के सभी संस्थानों की महिला स्नातकों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें 25 योग्य छात्राओं का चयन किया गया। इस अवसर पर एलसीआईटी के चेयरमैन प्रमोद जैन, उपकार राय, प्राचार्या डॉ. अर्चना शुक्ला, अभिनव पॉल, शुभी श्रीवास्तव तथा अमित पांडे आदि मौजूद थे।

---

तीन दिवसीय रास गरबा-2025

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया सितंबर में

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 25 सितंबर से तीन दिवसीय रास डांडिया - 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लि एकेडमी के चेयरमैन और रास डांडिया के आयोजक प्रिंस भाटिया ने इसकी घोषणा 12 जुलाई को कर दी।




श्री भाटया ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर हर बार की तरह बार भी रास डांडिया का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहरवासियों का अपार उत्साह को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। भाटिया फ्यूल्स द्वारा नवरात्रि पर्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेगा रास डांडिया कई जानी मानी हस्तियां यहां आकर अपनी कला व संगीत लोगों दिल जीत लिया। हमारा प्रयास है कि हर साल की तरह इस बार भी लोगों के मनोरंजन औद देवी की आराधना के लिए शहरवासी अपने चहेते कलाकारों को एक मंच पर देख सके। ऐसा हमारा प्रयास रहेगा। यह आयोजन 25 से 27 सितंबर तक होगा । इस दौरान रास डांडिया में अनेक क्षेत्र में प्रतिभागियों का चयन उनके उत्कृष्ट नृत्य, आकर्षक परिधान, सामाजिक संदेशों के आधार पर युवक युवतियों महिलाओं व बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए सभी वर्गों में रास गरबा करने की होड़ लगी रहती है। मंच पर होने लाईटिंग भी लोगों को खूब आकर्षित करती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक , राजनैतिक व प्रशासनिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी भी कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा देती है। बहु प्रतीक्षित यह आयोजन 25 सितंबर से प्रारंभ होगा।

---

बिलासपुर में तोखन ने युवाओं को दी नई उड़ान

# इस देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता : साव

**बिलापुर।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान के ध्वज तले दो दिवसीय कार्यशाला और विचार वर्ग की शुरुवात की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि मई 1998 में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया परमाणु विस्फोट देश को स्वावलंबी भारत बनाने का विस्फोट था। स्वालंबन के भाव देश के जनमन में है। आज अनुसूचित जाति जनजाति और थर्ड जेंडर को लेकर औद्योगिक नीति बनाई जा रही है। जिससे स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की श्रृंखला में कोई भी कड़ी छुटने ना पाए। जब भारत का युवा सहकारिता के भाव से कार्य करने को तत्पर हो जाएगा। उस दिन इस देश को विकसित राष्ट्र बनने से रोक नहीं जा सकता। स्वालंबी भारत अभियान के क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने बताया कि स्वरोजगार की दिशा में उद्यत करने युवाओं को प्रेरित करने की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर केशव डूबेलिया क्षेत्रीय शंकर त्रिपाठी, अमर परवानी और वासुदेव पटेल के मार्गदर्शन प्राप्त हुए। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, भूपेंद्र सोनी, डॉक्टर ललित मखीजा, वासुदेव पटेल, डॉ सुशील श्रीवास्तव, प्रवीण झा, अरुणा दीक्षित, नीति श्रीवास्तव, सुब्रत चाकी, नारायणपुरी गोस्वामी, दिग्विजय बकरा, जय भगत, दिनेश लसकर, उचित सूद, मंजरी बक्शी, मुक्तिबोध अग्रवाल, भृगु अवस्थी, देवेंद्र कौशिक, मंजरी बक्शी आदि मौजूद थे।



## बिजनेस प्लस

### कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप के प्रभारी अभिनव का किया स्वागत



**बिलासपुर।** कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप के प्रभारी अभिनव तिवारी अमरनाथ से यात्रा करके लौटने पर कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप ने फूल मालाओं से विवेकानंद उद्यान कंपनी गार्डन में स्वागत किया। उन्होंने कंपनी गार्डन की खुशहाली के लिए और ग्रुप के खुशहाली के लिए अमरनाथ में प्रसाद चढ़ाया और मनोकामना मांगी। स्वागत करता में ग्रुप के संरक्षक संचालक अध्यक्ष भूतपूर्व अध्यक्ष और कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप के सारे सदस्य मौजूद थे।

---

वीडियो कांफ्रेंसिंग से 47 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला

# मोदी ने दिए 51,000 नियुक्ति पत्र, तोखन ने भी किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से देशभर के 47 स्थानों पर एक साथ आयोजित 16 वें रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान 51 हजार से अधिक युवाओं को केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे गए।




प्रधानमंत्री ने कहा कि "बिना पर्ची, बिना खर्ची – यही आज भारत सरकार की पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया की पहचान बन चुकी है। हमारी पूरी प्रक्रिया इस सिद्धांत पर आधारित है कि देश का हर योग्य युवा बिना सिफारिश और बिना खर्च के राष्ट्र सेवा में आ सके।" प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न 5 देशों की विदेश यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि डिफेंस, फार्मा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और रेयर अर्थ मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में हुए रणनीतिक समझौतों से भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार और स्टार्टअप अवसरों में लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री रोजगार मेला के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार में नौकरी दी जा चुकी है।

सभी चयनित अभ्यर्थियों को मिशन कर्मयोगी के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

### बिलासपुर में 173 युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में आयोजित रोजगार मेला में केंद्रीय राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने 173 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्री साहू ने कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में भागीदारी का अवसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आज देश का युवा सशक्त, सक्षम और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित हो रहा है।" उन्होंने उपस्थित युवाओं को केंद्र सरकार की प्रमुख रोजगार और उद्यमिता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप इंडिया – नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना – स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा, स्वनीधि योजना – रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को वित्तीय सहायता, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम -सूक्ष्म उद्यम स्थापना के लिए सब्सिडी आधारित ऋण, डिजिटल इंडिया व पीएम गतिशक्ति योजना – आधुनिक अवसंरचना व नए रोजगार अवसर की जानकारी दी।

आँखों का अस्पताल
आँखों की समस्या का निवारण
अब आपके कोटा क्षेत्र में...
प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।
❖ सभी समस्याओं का समाधान।
❖ मोतियाबिंद का लेजर मशीन द्वारा ऑपरेशन।
❖ आँखों की समस्या के लिए अब बिलासपुर जाने की आवश्यकता नहीं।
❖ कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जांच



Dr. Nikita Jaiswal
MBBS MS
(Cornea & Cataract Services)
आँखों का अस्पताल
24 Carat Hotel
शॉप नं. 1, रमन विहार कोटा, बिलासपुर
7999210255, 9756379668, 8224859924

## खबर संक्षेप

### लुतरा शरीफ में हाजियों का सम्मान आज

**सीपत।** लुतरा शरीफ में राज्य भर से लौटे नए हाजी हज्जनों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम माहाना उर्स के मुबारक मौके दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दरगाह परिसर में आयोजित होगा। इस मौके पर 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दरगाह की नई बाउंड्री वॉल का भूमिपूजन भी किया जाएगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता और वक्फ बोर्ड के सदस्य सैय्यद फैसल रिजवी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य हज कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, सदस्य सैयद मकबूल अली, रहमान खान, दरगाह कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अखलाक खान, हाजी सैय्यद अकबर बक्शी, जनपद सदस्य देवेश शर्मा, लुतरा सरपंच चंद्रमणि मरावी एवं कई अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### मुक्तिधाम में लगाए गए छायादार पौधे



**लगरा।** 'एक पेड मं के नाम' अभियान के तहत शुक्रवार को बेलतरा पूर्व मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओ ने चिंगराजपारा मुक्तिधाम में पीपल, आम, नीम, बरगद, फलदार एवं छायादार पौधे का रोपम किया। इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुषांत शुक्ला, उमेष गौरहा, निखिल केशरवानी, राजेन्द्र अग्रहरि, प्रणव षर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन हरिओम कश्यप, धनंजय त्रिपाठी, महामंत्री द्वय षैलू गोलख, सीता ठाकुर, पार्षद रेखा सूर्यवंषी, जयवाधवानी, विवके तिवारी, रमेष कष्यप, शैल भोई महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व मंडल के कार्यकारणी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर पंचायत बिल्हा ने उप अभियंता को दी विदाई



**बिल्हा।** नगर पंचायत बिल्हा में पदस्थ नरेंद्र कुमार दुबे उप अभियंता के पद पर कार्यरत थे, जिनका प्रमोशन बिलासपुर नगर निगम में सहायक अभियंता के पद पर हुआ है। श्री दुबे 2019 से बिल्हा नगर पंचायत में कार्यरत थे एवं पूर्व में भी उन्होंने बिल्हा नगर पंचायत में 5 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। इस वजह से श्री दुबे नागरिकों एवं पार्षदों के बीच भी काफी लोग प्रिया रहे। उनके सम्मान में नगर पंचायत बिल्हा की ओर से विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उनको शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह गहलोत सीएमओ नगर पंचायत बिल्हा ने किया। कार्यक्रम में पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों के अलावा नगर वासी भी उपस्थित रहे।

### लालपुर कला स्कूल में बाल केबिनेट का गठन



**लोरमी।** ग्राम लालपुर कला में बच्चों में नेतृत्व विकास और शाला सुरक्षा हेतु बाल कैबिनेट और इको क्लब का गठन किया गया, जिसमे अध्यक्ष करुणा यादव प्रधानमंत्री प्रशांत कश्यप उप प्रधानमंत्री संध्या बने। साथ ही मेघनाथ निर्मलकर को सचिव चुना गया एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए आलोक कश्यप ने 29 वोट पाकर जीत दर्ज की। बाल कैबिनेट गठन में संरक्षक के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष परमेश्वर कश्यप, जवाहर ध्रुव एवं शाला शिक्षक के प्रधान पाठक चंद्रकुमार राजपूत, दरबार सिंह राजपूत, रितेश कश्यप, धर्मेंद्र राजपूत, युगल किशोर सिंह राजपूत, अनीता राजपूत, कृष्णकुमार साहू, ज्योति मिश्रा, गायत्री राजपूत उपस्थित रहे।

### संस्कार विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने लगाए पौधे



**पथरिया।** नगर के संस्कार विद्या निकेतन विद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सहर्ष भाग लिया। विद्यार्थियों ने गमले में पौधे तैयार कर अपने साथ लाए एवं उन्हें विद्यालय प्रांगण में लगाया।

### अरुण साव ने ब्लॉक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# डिप्टी सीएम ने कृषि विभाग के अफसरों से कहा- समय पर क्यों नहीं देते जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में प्रदेश के डिप्टी सीएम व क्षेत्रीय विधायक अरुण ने विकासखंड स्तरीय 14 शासकीय विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाकर त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने एवं किसानों को खाद बीज को समय पर वितरित करने निर्देशित किया।

श्री साव ने कहा कि बारिश के दिनों में वनक्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक सुविधाओं के लिए कार्य करने अधिकारी कर्मचारी तैयार रहें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोग समय पर जानकारी नहीं देते हैं। साथ ही उन्होंने किसानो को खाद बीज की समुचित उपलब्धता के लिए निर्देशित किया। श्री साव ने शिक्षा विभाग प्रभारी बीईओ मनीषा पाटले को राजस्व विभाग के साथ कॉर्डिनेट कर 43 स्कूलों में जलभराव एवं सीपेज समस्या के समाधान को लेकर कार्य करने तथा प्रतिदिन दौरा करने का निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वन वविभाग के बिजराकछार से निवासखार की सड़कों पर में मुरुम एवं सोलर बैट्री लगाने सहित एटीआर के पहुंच विहीन गांवों में कैंपिंग करने एवं विपरीत स्थिति से निपटने नदी से सटे हुए गांवों के लिए चार नाव स्वीकृत करने की सहमति प्रदान की। इस दौरान उन्होंने औरापानी व सलगी में कैंप लगाकर विपरीत स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। वन वविभाग ने बताया कि 1 लाख 16 हजार 557 पौधे रोपित किए जा चुके हैं, जिसमें 20 हजार 683 पौधे सागौन के लगाए गए हैं।

खाद्य विभाग ने सड़क पहुंच विहीन 9 दुकानों में चार माह का राशन एवं घासलेट उपलब्ध कराने जानकारी दी। महिला बाल विकास विभाग ने पहुंच विहीन ग्रामों में फूड आहार की उपलब्धता की जानकारी दी, साथ ही जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवनों के स्वीकृति की मांग की। पशुपालन विभाग ने 27 ग्रामों में पशुओं के टीकाकरण नहीं होने की जानकारी दी। नगर पालिका के सीएमओ चंदन शर्मा ने रानीगांव स्कूल एवं अन्य स्थानों में जलभराव की जानकारी दी। इस पर अरुण साव ने समस्या को दूर करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशु पालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत विभाग, नगर पालिका परिषद, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग क्र 1 एवं 2, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, अचानकमार टाइगर रिजर्व के कार्यों का समीक्षा की गई। इस दौरान एसडीएम अजीत पुजारी, बीएमओ जीएस दाउ, तहसीलदार शेखर पटेल सहित अन्य विभगागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेमरसल स्कूल के बच्चे जर्जर कमरों में बैठने को मजबूर



**लालपुर।** एक तरफ बच्चों की पढ़ाई को लेकर सरकार हर संभव प्रयास कर रही है एवं लगातार शिक्षा के स्तर में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूर ओर अनेक स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से सही ढंग से पढ़ाई नहीं हो रही। हायर सेकंडरी स्कूल सेमरसल स्कूल में हायर सेकंडरी भवन नहीं है, हाई स्कूल भवन है, जो कि 35 साल पुराना है एवं जर्जर हो गया है। इसके बावजूद यहां मजबूरन कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

शाला विकास समिति की ओर से लगातार स्कूल भवन की मांग प्रशासन से की जा रही है एवं जर्जर भवन की मरम्मत करने के लिए विभाग को जानकारी भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने कोई सुध नहीं ली। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दामोदर प्रसाद पांडेय, शिव कुमार पाठक, सुनील मिश्रा, भानूप्रताप जायसवाल, बद्री कश्यप, भुवन लाल साहू, गोविंद साहू, मेहतर कश्यप ने समिति की बैठक में निर्णय लिया कि उक्त जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर अतिरिक्त भवन निर्माण कराने की मांग प्रशासन से करेंगे साथ ही हायर सेकंडरी हेतु भवन निर्माण कराने हेतु मांग की जाएगी।

### जानकारी भेजी गई

पर्याप्त जगह नहीं होने से हायर सेकंडरी के बच्चों के लिए परेशानी होती है। जर्जर भवन की मरम्मत हेतु विभाग को जानकारी भेजी गई है।

**- दीपक ध्रुव**
प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल

# पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी के आरोपी



**मुंगेली।** इंटरनेट पर फर्जी व्यवसायी बनकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया गया।

25 फरवरी 2022 को अनूप सत्यपाल ने आवेदन पेश किया कि 20 जनवरी 2022 को उसे इन्टरनेट के माध्यम से श्री गणेश इन्टरप्राईजेस से कैरी बैग के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। इस पर उसने मोबाइल पर कॉल किया तो बात करने वाले ने अपना नाम अर्जुन एक्का बताया एवं बैग का व्यवसाय एवं सप्लाई का काम करने की बात कही। साथ ही उसने बैग के लिए अपने खाता नंबर में एडवांस पैसे भेजने की बात कही। इस पर प्रार्थी सत्यपाल ने 31 जनवरी 2022 को 20 हजार रूपए बैंक के माध्यम से भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने कुल 1 लाख 61 हजार 250 रूपए का बिल बनाकर प्रार्थी के मोबाईल नंबर पर व्हाट्सअप कर दिया। 2-3 दिन बाद फिर से अनूप सत्यपाल को उस व्यक्ति ने कॉल कर पूरा पेमेंट करने के लिए खाता नंबर उपलब्ध कराया, जो रश्मि लकड़ा के नाम पर था। इस पर प्रार्थी ने दोनों खाता पर 1 लाख 61 हजार 100 रूपए जमा कर दिया। लेकिन 10 फरवरी 2022 तक बैग की डिलिवरी होने पर प्रार्थी ने उक्त नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इस पर प्रार्थी ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धोकाधड़ी की धारा 420, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेही अर्जुन एक्का पिता मनसाय एक्का उम्र 34 वर्ष निवासी आलापका थाना किंजिरकेला जिला सुंदरगढ़ ओडिशा की पतासाजी कर आरोपी को नोटिस देकर थाना तलब किया गया। इस पर रश्मि लकड़ा एवं दुर्जन एक्का के साथ थाना सिटी कोतवाली उपस्थित हुए। खाता नंबर के धारक रश्मि लकडा, दुर्जन एक्का से पृथक-पृथक बारिकी एवं तथ्यात्मक पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि रश्मि लकड़ा के एकाउट नंबर को मांगकर अर्जुन एक्का निवासी आलापका थाना किंजीरकेला के द्वारा उनके खाते में 1 लाख 41 हजार 100 रूपये वर्ष 2022 में फरवरी माह में किस्त-किस्त में रकम डलवाई। खाते में आई रकम को दुर्जन एक्का के द्वारा उसके बड़े भाई अर्जुन एक्का के फोन-पे में ट्रासफर करने की जानकारी मिलने पर अर्जुन एक्का से बारिकी पूछताछ की गई, जिसमें उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

## वाहन जलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली


पुलिस गिरफ्त में वाहन जलाने के आरोपी।

महिला की स्कूटी को जलाने वाले आरोपियों को 1 मोटर सायकल एवं 1 प्लास्टिक डिब्बा सहित भाटापारा से गिरफ्तार किया गया एवं थाना सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। एक महिला ने 11 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका अपने पुराने प्रेमी विकास माधवानी से उसका झगड़ा चल रहा था। इससे नाराज विकास अपने मित्र विशाल मंधान के साथ मिलकर उसके किराये के घर में घुस कर उसे जान से मारने की धमकी दी एवं उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं एक्टिवा को हवाले कर भाग गया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 326(ळ), 324(1), 351(3), 329(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी विकास माधवानी पिता भागचंद माधवानी उम्र 37 वर्ष, विशाल मंधान पिता मोतीलाल मंधान उम्र 37 वर्ष को भाटापारा से पकड़ कर थाने लाई एवं पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 1 मोटर सायकल एवं पेट्रोल का 1 प्लास्टिक जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा दिया।

## एंबुलेंस ने बोलेरो को मारी टक्कर, मल्हार के युवक की दर्दनाक मौत, तीन घायल



**मल्हार।** रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मल्हार निवासी डीबी पावर कंपनी के पेट्रोलिंग सुपरवाइजर शिवा सिंह की मौत हो गई। हादसा जिंदल पावर प्लांट के गेट क्रमांक 1 के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार एंबुलेंस क्रमांक सीजी 13 एवाय 8186 ने बोलेरो सीजी 13 बीएफ 2964 को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और कई बार पलटी खा गया।

हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रायगढ़ रेफर किया गया। मृतक शिवा सिंह के साथ बोलेरो में डीबी पावर के ही सिक्योरिटी सुपरवाइजर अमित पटेल, अजय कुर्रे और ड्राइवर सूरज सवार थे। ये सभी गर्जन बहाल कुल्दा माइंस से काम खतम कर शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और बोलेरो में सवार अमित पटेल के अनुसार, जैसे ही गाड़ी जिंदल पावर तमनार के गेट क्रमांक 1 के पास पहुंची, उसी दौरान गेट से एक एंबुलेंस तेज रफ्तार में निकली और सामने से बोलेरो को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही तमनार थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों और अन्य कर्मचारियों ने मदद कर घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस और बोलेरो को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि एंबुलेंस किसी मरीज को लेकर जा रही थी या नहीं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**लोरमी।** ग्राम अखरार एवं सारिसताल के बीच दो बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए, जिसमें एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई एवं एक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को साढ़े सात बजे ग्राम अखरार एवं सारिसताल के बीच करही पेड़ के पास बाइक सवार दो लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होकर अचेत अवस्था मे पड़े थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डिंडौरी चौकी में दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का निरीक्षण किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए रवाना किया गया। पुलिस घटना के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू कर मृतक एवं घायल के परिजनों के पतासाजी में जुट गई। डिंडौरी चौकी प्रभारी लखीराम नेताम ने बताया कि हादसे का पता लगाया जा रहा है। दुर्घटना में एक की मौत हो गई एवं एक घायल है, जिसे लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है।

## प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ अनियमितता की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

शास उमा शाला मोहबंधा के शिक्षक भागीरथी मरावी एवं पूर्व माध्यमिक शाला भारतपुर के शिक्षक राजकुमार ध्रुव ने शिक्षण संचनालय में शास उमा शाला मोहबंधा में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य केशव कुमार ध्रुव के खिलाफ अनियमितता की शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी प्राचार्य केशव कुमार ध्रुव पर यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने विद्यालय में सफाईकर्मी नियुक्त करने के नाम पर वर्ष 2021 से 2025 तक विद्यालय के छात्र-छात्राओं से प्रति विद्यार्थी 100 की राशि वसूल की, लेकिन आज तक विद्यालय में सफाईकर्मी की नियुक्ति नहीं की गई। साथ ही विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्राओं से टाई-बेल्ट खरीदने व परिचय पत्र बनवाने के नाम से 30 रुपए एवं अन्य विविध शुल्क के नाम पर 50 रुपए की राशि वसूली गई, लेकिन आज तक कोई परिचय पत्र नहीं बनया गया। शिकायत में यह भी बताया गया है कि प्राचार्य ने अनियमित तरीके से राशि वसूल कर गबन कर लिया है। इसके अलावा प्राचार्य के मनमानी करने की शिकायत भी की गई है। साथ ही प्राचार्य के द्वारा बिना अवकाश आवेदन के विद्यालय में अनुपस्थित रहने और दो-तीन दिन बाद विद्यालय के शिक्षक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर देने की शिकायत की गई है।

शिकायत के माध्यम से मांग की गई है कि विद्यालय में अध्यनरत गरीब बच्चों से नियम विरुद्ध वसूले गए पैसों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।






हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 13 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## सशक्त बनने योग साधना जरूरी, शिव बाबा की कुटिया में मौन साधना प्रारंभ

**बिलासपुर।** सावन मास के लगते ही शहर में भगवान शिव व सावन पर आधारित अनेक आयोजन होने लगे हैं। इसी क्रम में टिकरापारा स्थित शिव बाबा की कुटिया में मौन साधना प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में बीके मंजू दीदी ने बताया कि स्व-



उन्नति के लिए सेवा और तपस्या का संतुलन आवश्यक है। सेवा के क्षेत्र में निंदा-स्तुति, सुख-दुख, मान-अपमान, भाव-स्वभाव, संस्कार मिलन सभी का सामना करना पड़ता है। इन सबके लिए आंतरिक ऊर्जा, सहन शक्ति की आवश्यकता होती है और यह योग, साधना, तपस्या, मनन-चिंतन, मौन से प्राप्त होते हैं। प्रथम चरण की शुरुआत में समर्पित बहन ब्र.कु. समीक्षा बहन व पूर्णिमा बहन अमृत वेले से रात तक शिवबाबा की कुटिया में योग तपस्या साधना की। इस दौरान मौन में ही सुबह-शाम एक-एक घण्टे तपस्या को श्रेष्ठ बनाने क्लास सुनेंगे व फलाहार लेंगे। दीदी ने दोनों बहनों को आत्म स्मृति का तिलक लगाया।

आयोजन

## बच्चों ने पेश किया लोक नृत्य नाटक का मंचन



**बिलासपुर।** समर्थ गुरु धारा की ध्वज तले समर्थ गुरु धारा मैत्री संघ ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से 80 से भी अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोक नृत्य और नाटक के माध्यम से गुरु परंपरा को पुनर्जीवित करने की शिक्षा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु ओशो व समर्थ गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। आचार्य मां जगदीश सलूजा और आचार्य नवीन गुप्ता ने गुरु ओशो और समर्थ गुरु की आरती की। आचार्यजी ने दूर-दूर से आए हुए मित्रों को कीर्तन व आचार्य नवीन गुप्ता ने कुण्डलिनी ध्यान कराया। अंत में समर्थगुरु धारा धाम मुरथल दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और गुरुदेव श्री सिद्धार्थ औलिया के अमृत वचनों का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी योगेश पाण्डेय ने किया।

धर्म-क्षेत्र

## बोल बम समिति के सदस्य बाबा धाम के लिए रवाना



**बिलासपुर।** बोल बम समिति के सदस्य साउथ बिहार एक्सप्रेस से बाबा बैजनाथ धाम यात्रा के लिए रवाना हुए। देवघर पहुंचने के बाद सुल्तानगंज जाएंगे। सुल्तानगंज से गंगाजी में स्नान करने के बाद जल लेकर पैदल देवघर के लिए रवाना होंगे। 16 जुलाई को शिवजी को जल अर्पण कर 18 को वापसी होगी। सतीश सिंह ने बताया कि जब उन्होंने यात्रा शुरू की तब सुल्तानगंज से देवघर बाबा बैजनाथ धाम जाने के लिए सड़क भी ठीक नहीं थी। पहाड़ी इलाका था। 125 किमी की पदयात्रा में नदी नाले में उस समय पुल-पुलिया नहीं था। गले तक डूब कर पानी में पैदल कांवर यात्रा करते थे। तब से आज तक बाबा के आशीर्वाद से यह पदयात्रा अनवरत चल रही है। अब तो बोल बम समिति बिलासपुर में 50 से अधिक सदस्य शामिल हैं। नागपुर गोंदिया, रायपुर और रायगढ़ के भी बम शामिल हैं।

आयोजन

## कार्यशाला में बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम



**बिलासपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर बहतराई हाईस्कूल में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जनसंख्या वृद्धि की रोकथाम को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। जनसंख्या वृद्धि से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। प्रश्नोत्तरी प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है। विजेता बच्चों को क्लब की ओर से प्रथम, द्वितीय इनाम दिया गया। इस मौके पर वी श्रद्धा राव, रश्मि लता मिश्रा, अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, सलमा बेगम, सुधा परिहार, उषा मुदलियार, अंजली गुप्ता, दीप्ति पटेल, स्वाति सिंह, संध्या शर्मा, संजीव कुर्रे, अनिल झालरिया उपस्थित थीं। डॉ शोभा त्रिपाठी, मंजू तिवारी, सुजाता मिश्रा, चांदनी सक्सेना, मंगला कदम, मंजू मिश्रा, रत्ना खरे, सावित्री जायसवाल, मंगला देवरस, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, संजना मिश्रा, हंसा सेलारका, अंबुज पांडेय, अणिमा मिश्रा, शारदा कश्यप, मंजुला शिंदे, साधना दुबे, प्रिया शर्मा, प्रीति खरे, वायला सिंह ने सराहना की।

**सावन माह के आते ही शहर की महिला संगठनों द्वारा सावन उत्सव मनाने की प्लानिंग शुरू कर दी गई है। इस आयोजन के लिए जगह एवं ड्रेस कोड भी निर्धारित कर रहीं हैं। मनोरंजक गेम व सावन सुंदरी चुनने के लिए थीम भी दिए जा रहे हैं। इस तरह इस महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है।**

# सावन महोत्सव : महिला संगठनों ने शुरू की प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सावन का महिना महिलाओं के लिए एक खास अवसर लेकर आता है। इस माह में हरियाली के साथ ही उत्सव का मजा लेने महिलाएं काफी उत्साहित रहती हैं। उनका कहना है कि सावन में भोलेनाथ की पूजा, आराधना के साथ ही सावन उत्सव मनाने का मजा ही कुछ और होता है। यह एक ऐसा उत्सव है जिसमें गेम के साथ ही झूले का भी आनंद लिया जाता है। सावन सुंदरी का चुनाव भी होता है। यह पल हम सभी के लिए काफी यादगार रहता है। हरिभूमि लाइव की टीम ने शहर की कुछ महिला संगठनों से सावन उत्सव की प्लानिंग को लेकर बात की है ।



### मेहंदी थीम पर होगा आयोजन

छत्तीसगढ़ी ब्राहमण नारी कल्याण समिति द्वारा इस बार 19 जुलाई को एक निजी होटल में सावन मेहंदी सजना व भादो मेहंदी भइया थीम पर सावन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति की कार्यकारी अध्यक्ष संगीता शुक्ला ने बताया कि उत्सव के दौरान मौली धागा सहित पांच आयटमों से राखी बनाने स्पर्धा कराई जाएगी। भोलेनाथ व माता पार्वती पर प्रश्नोत्तरी होगी। हरे कलर का ड्रेस कोड रहेगा।





### सजाए जाएंगे आकर्षक झूले

अग्रवाल महिला समिति द्वारा सावन उत्सव का मजा आकर्षक झूले सजाकर उसमें झूला झूल कर लिया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में सावन उत्सव का आयोजन 26 जुलाई को होगा। सभी सदस्य हरे कलर के सोलह श्रृंगार में उत्सव में शामिल होंगे। लकी गेम के साथ ही विविध तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाएगा।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए होगा

आकृति महिला मंडल अरविंद नगर सरकंडा की महिलाओं द्वारा सावन के शुभ अवसर पर एक माह का रामायण पाठ प्रतिदिन किया जा रहा है। वहीं सावन महोत्सव मनाने के साथ ही तुलसी जयंती, रुद्राभिषेक कार्यक्रम भी करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया जाएगा।

### लेंगी गेम का आनंद

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विरांगना द्वारा 18 जुलाई को सावन उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्था की अध्यक्ष प्रीति चौहान ने बताया कि इसमें उनके द्वारा मनोरंजक व लकी गेम का आनंद लिया जाएगा। सावन को लेकर कुछ चर्चा भी की जाएगी।

### यातायात को लेकर करेंगी प्रोत्साहित

सपना महिला समिति द्वारा इस वर्ष सावन महोत्सव को एक अलग अंदाज में मनाया जाएगा। इनके द्वारा मोपका स्कूल में जाकर बच्चों के बीच उत्सव मना उन्हें यातायात के लिए जागरूक किया जाएगा। अध्यक्ष सपना सराफ ने बताया कि अपने घर के बड़े-बुजुर्गो का सम्मान करने उन्हें प्रेरित किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी करा सही उत्तर देने वाले बच्चों को गिफ्ट दिए जाएंगे।

## अनुष्का प्रथम प्रयास में ही बनीं सीटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर की अनुष्का अग्रवाल ने मई 2025 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा को प्रथम प्रयास में ही श्रेष्ठ अंकों से उत्तीर्ण कर शहर में टॉप किया है। अनुष्का मारवाड़ी लाइन निवासी मनोज कुमार अग्रवाल और पूनम अग्रवाल की पुत्री है। आईसीएआई द्वारा उन्हें सिटी टॉपर मेडल से सम्मानित किया गया, जो उन्हें सीए ओम प्रकाश मोदी और सीए प्रखर बंसल के हाथों प्रदान किया गया। अनुष्का ने अटल



बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में बीकॉम में तीसरा (मेरिट होल डर) प्राप्त किया है और सीएम दुबे पीजी कॉलेज से स्नातक की है। चार्टर्ड अकाउंटेंसी की ट्रेनिंग उन्होंने मुंबई की प्रसिद्ध बिग 4 फर्म, ग्रांट थॉर्नटन से पूरी की। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने 5 महीनों तक रोजाना 12–14 घंटे की पढ़ाई की। यह उपलब्धि उनके परिवार की समृद्ध विरासत और बड़ों के आशीर्वाद की देन है। वह अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, दादी मां, माता-पिता और परिवार के अथाह समर्थन को देती है, विशेषकर मां पूनम अग्रवाल, जिन्होंने पढ़ाई के दौरान हर रात उनके साथ जागकर उनका मनोबल बनाए रखा।



## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** भारत माता आंग्ल माध्यम शाला ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का शिक्षण के क्षेत्र में व्यापीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। इसका मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस था। इसमें बताया गया कि एआई का उपयोग कर शिक्षण पद्धति को रोचक बनाएं।



कार्यशाला को तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में एआई का उपयोग शिक्षण में के तहत डॉ एच एस होता अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों को एआई का उपयोग कर शिक्षण सामग्री को रोचक बनाने के लिए टूल्स की ट्रेनिंग दी। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमता को पाठ्यक्रम में शामिल कर अपने शिक्षण पद्धति को रोचक बनाएं। द्वितीय सत्र में तकनीकी का उपयोग शिक्षण में के बारे में बताया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई से जॉस इमैनुएल ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों को वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षण पद्धति व प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और तकनीकी के बारे में विस्तार से चर्चा की। शाला के प्राचार्य फादर सलीन पी ने कक्षा में उपयोग में आने वाली एआई टूल्स को प्रायोगिक तौर पर कर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर 70 से ज्यादा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को एआई के उपयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे अपने शिक्षण पद्धति में सुधार कर छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके।

### ग्रास रूट इनोवेशन को बढ़ावा देने किया प्रेरित

अंतिम सत्र में ग्रास रूट इनोवेशन और एआई के तहत नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन भुवनेश्वर के राहुल प्रकाश ने ग्रास रूट इनोवेशन और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने शिक्षकों को नए प्रयोग कर पाठ्यक्रम को रोचक बनाने और अटल टिंकरिंग लैब का उपयोग कर ग्रास रूट इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

देश के अलग-अलग क्षेत्रों से साधु, संत होंगे शामिल

## अध्यात्म से श्रेष्ठ समाज की स्थापना को लेकर संत महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आध्यात्म द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय को लेकर बिलासपुर में संत महासम्मेलन का आयोजन 13 जुलाई को होने जा रहा है। इसी आयोजन के संबंध में ब्रम्हाकुमारी राखी दीदी, ब्रम्हाकुमार नारायण भाई, आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर, ब्रम्हाकुमारी भारती दीदी कटनी, विनीता भावनानी और आचार्य पुष्पेंद्र ने संयुक्त रूप से प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और प्रति क्षण परिवर्तन होता ही आ रहा है। प्रकृति और पुरुष का खेल सदा ही चलता रहता है। पुरुष अर्थात आत्मा, प्रकृति अर्थात शरीर जैसी आत्मा की क्वालिटी होती है वैसे ही प्रकृति अर्थात सृष्टि में परिवर्तन आता है। यह सृष्टि आदि में सतयुग अर्थात स्वर्णिम काल से युक्त थी, उस समय मानव मन श्रेष्ठ सतोप्रधान था। मानव मन की दिन-प्रतिदिन गिरती कला के कारण मन कमजोर, नकारात्मक हो गया जिससे प्रकृति भी तमो प्रधान बन गई। अब वापस इस सृष्टि को सुख, शांति से संपन्न बनाने के लिए ब्रम्हाकुमारी के धार्मिक प्रभाग द्वारा आध्यात्म द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय पर एक महा संत सम्मेलन का आयोजन 13 जुलाई रविवार को सिंधू भवन तोरवा में शाम 4 बजे से किया जा रहा है। उनका कहना है कि संतो जीवन ही प्रेरणादाई होता है और संत प्रेम करूणा दया और ज्ञान के भंडार कहे जाते है। संत हमें मार्गदर्शन देकर जीवन सुखद बनाते है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रम्हकुमार रामनाथ भाई मुख्यालय संयोजक माउंट आबू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ता महामंडलेश्वर कमल किशोर, अध्यक्ष दिव्य शक्ति अखाडा सहारनपुर, साध्वी प्रज्ञा भारती जबलपुर मध्य प्रदेश धार्मिक प्रभाग के, इंदौर मध्य प्रदेश जोनल कोआर्डिनेटर ब्रम्हाकुमार नारायण भाई, स्वामी परमात्मानंद गिरि पेण्ड्रा, त्यागी प्रेमदास जी महराज ब्रम्हा बाबा मंदिर, ब्रम्हाकुमारी लक्ष्मी दीदी कटनी, ब्रम्हाकुमार गोविंद भाई मीडिया प्रभाग माउंट आबू उपस्थित रहेंगे। मानसिक शांति व एकाग्रता की अनुभूति कराने के लिए श्रीमद भागवत गीता की मुख्य वक्ता ब्रम्हाकुमारी भारती बहन का होगा। इसके साथ ही बेलतरा क्षेत्र के पूर्व विधायक रजनीश सिंह एवं बिलासपुर नगर निगम की महापौर पूजा विधानी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे से होगा और मुंबई से पधारे कलाकारों द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

सहयोगी संस्था की टीम लोगों से संपर्क कर चर्चा कर रही

कार्नर न्यूज

## सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने महाअभियान प्रारंभ, ले रहे फीड बैक

**दीनबंधु सहयोग संस्था द्वारा नो पॉल्यूशन कैम्पेन के तहत बिलासपुर से सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने महाअभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत संस्था की टीम ने एक-एक दुकानों में जाकर दुकानदारों से फीडबैक जाना।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजक दीनबंधु सहयोग संस्था के साथ दैवी संपद मंडल युवा सेवा समिति, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच, महिला इकाई की संयुक्त टीम ने माह जून और जुलाई माह के प्रारंभ में मंगला चौक से नेहरू चौक तक पहले दिन 93 दुकानों में जाकर 200 लोगों, दूसरे चरण में मंगला, बस स्टैंड से उसलापुर रेलवे एरिया तक लगभग 45 दुकानों व 120, तीसरे चरण में राजेंद्र नगर से सत्यम चौक, अग्रसेन चौक तक लगभग 33 दुकानों व 83 लोगों, चौथे चरण में अग्रसेन चौक से सी.एम.डी. चौक तक 48 दुकानों व 103 लोगों, पांचवें चरण में इंदु चौक से अग्रसेन चौक तक लगभग 57 दुकानों और 110 लोगों से संपर्क कर चर्चा की गई। लोगों की राय जाना गया। इस कार्य में दीनबंधु सहयोग संस्था के संयोजक दीनदयाल साहू, आकाश सोनी, श्रुति केशरवानी, तेजस्वी अनंत, योगेश चंद्राकर, उबैदा खान, पालेश मरावी, बिनुगोपाल राठिया, तामेश्वर् चंद्रवंशी, मिनाक्षी पुरी, चुनेश राठौर, डॉ आशीष यादव, श्रेयांश ठाकुर, मनीष निर्मलकर, कृष कोष्टा, सूरज कुमार प्रजापति का योगदान रहा।



### शहर को स्वच्छ बनाने लिया संकल्प

कार्यक्रम के मार्गदर्शक प्रवीण मिश्रा, अनिल सलूजा, दैवी संपद मंडल युवा सेवा समिति के अध्यक्ष महेश बेनी गुप्ता, आर.एस.एस. से अक्षय अल्करी, सचिव हर्ष द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच महिला इकाई जिलाध्यक्ष संध्या अग्रवाल ने इस कैंपेन को सफल और बिलासपुर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है।



**प्लास्टिक हटाने डटे रहेंगे :** महेश बेनी गुप्ता ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को जब तक हटा नहीं लेते डटे रहेंगे।नो पॉल्युशन कैंपेन के प्रमुख दीनदयाल साहू ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग शरीर के लिए हानिकारक तो है ही साथ ही इसे डिस्पोज करने में प्रशासन को अलग से एनर्जी लगती है।पर्यावरण गतिविधि प्रांतीय प्रमुख अक्षय अल्करी ने कहा कि युवाओं को प्लास्टिक का प्रयोग सीमित करना चाहिए। व्यवसायिक थोक फल सब्जी महासंघ अध्यक्ष अनिल सलूजा ने कहा कि युवाओं की टीम के साथ हम हमेशा साथ खड़े हैं। युवा व्यवसायी प्रवीण मिश्रा ने कहा कि इस कार्य के लिए वे प्रयासरत हैं। संध्या अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था इस मुहिम में अपना योगदान देने सदैव तत्पर रहेगी। दैवी संपद् मंडल युवा सेवा समिति के सचिव हर्ष द्विवेदी ने कहा कि सभी मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक हटाएंगे। दीनबंधु सहयोग संस्था के अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि हमने प्रकृति को बिगाड़ा है हम मिलकर सवारेंगे। सचिव नितेश मोहले, कोषाध्यक्ष दिव्या राठौर ने भी अपने विचार रखे।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में विवाद मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** दो पक्षों वाद विवाद होने पर पुलिस ने दोनों की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुरेना निवासी ललित बरेठ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिव प्रसाद साहू उसके मामा को बातचीत के दौरान गाली देने लगा और जब मना किया तो उसके साथ मारपीट करने लगा वहीं शिव प्रसाद साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ललित बरेठ एवं तिलक बरेठ बातचीत कर रहे थे और इसी बीच वाद विवाद हो गया तथा दोनों भाइयों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296, 351, 2 115, 2 333, 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है।

### आवासीय विद्यालयों के लिए काउंसिलिंग 15 से

**मुंगेली।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं के प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की सत्र 2025-26 के लिए काउंसलिंग 15 से 18 जुलाई तक की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग महेंद्र खांडेकर ने बताया कि एसटी एवं पीवीटीजी बालकों के प्रवेश के लिए काउंसलिंग 15 जुलाई, एसटी एवं पीवीटीजी बालिकाओं के लिए काउंसलिंग 16 जुलाई को संपन्न होगी।

## निधन

### आरए दुबे



**बिलासपुर।** टिकरापारा सुशील कुंज निवासी दक्षिण पूर्व रेलवे उमा. विद्यालय से सेवानिवृत व्याख्याता आरए दुबे का 12 जुलाई को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### बबीता देवी सोनी



**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी बबीता देवी सोनी का 12 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जुलाई को उनके निवास से दोपहर 12.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुभाष सोनी एवं सुनील सोनी की माता एवं स्व. जगदीश सोनी (रोड़ा) की पत्नी थीं।

### जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन

# कलेक्टर ने तखतपुर मुख्य मार्ग का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शनिवार को तखतपुर पहुंचकर नगर के बीच से गुजरने वाली जर्जर सड़क का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने के निर्देश अफसरों को दिए।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल शनिवार की सुबह 8 बजे तखतपुर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के साथ सड़कों की स्थिति का जायजा लिया तथा इसके शीघ्र मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने मोढ़े मार्ग के पास यात्री प्रतिक्षालय का प्रस्ताव भेजे जाने एवं मंगल भवन की स्थिति, सब्जी बाजार को कंकट्टी डबरी प्रतिस्थापन करना, पचरैया नाला के पास हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पुरानी मण्डी के पास नगर पालिका की ओर से बनाए गए काम्प्लेक्स की नीलामी की फाईल को तत्काल कार्यालय में भेजने के निर्देश सीएमओ को दिए। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष रविंद्र पूजा मक्कड़, संजू मक्कड़, एसडीएम शिव कुमार कंवर, तहसीलदार पंकज सिंह, सीईओं सत्यव्रत तिवारी, सीएमओं अमरेश सिंह, अजय देवांगन, सुनील जांगड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।



जर्जर सड़क निरीक्षण करते अफसर।

#### सीएमओ को लगाई फटकार

नगर में सफाई की दुर्दशा को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल काफी नाराज दिखे और मौके पर उपस्थित सीएमओ अमरेश सिंह को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि साफ सफाई को लेकर विशेष सजगता बरतें, बरसात के समय में गंदगी होने की स्थिति में बीमारी फैलने का अंदेशा रहता है इसलिए सफाई पर नजर रखे और गंदगी कहीं भी एकत्रित न हो इसका विशेष ख्याल रखे।

#### कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन

नगर की सड़क की खस्ताहाल को लेकर बीते दिवस कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसकी तत्काल मरम्मत की मांग की थी। मोढ़े मार्ग से मनियारी पुल एवं गौरव पथ सड़क की दुर्दशा को लेकर कांग्रेसजन द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। कांग्रेसियों की मांग है कि सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि वाहन तो दूर पैदल चलना दूभर हो गया है। लगातार दुर्घटना घट रही है। इस सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही है परंतु इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### भकुर्रा नवापारा में 22 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

# विधायक धर्मजीत ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



**सकरी।** जिन विद्यालयों के शिक्षको ने समर्पण भाव से प्रतिभाओं को निखारने के लिए परिश्रम किया है और इस परिश्रम का मोल समझकर जिन छात्र-छात्राओं ने समन्वय बनाकर मेहनत की है ऐसे शासकीय विद्यालय ही शिक्षा गुणवत्ता में आगे हैं एवं उनका परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

इसी श्रेणी में आपका यह विद्यालय भी आता है। लगन, मेहनत और प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं, आप इसी तरह निरंतर सफल होने का प्रयास जारी रखें, हम आपके शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे। उक्त बातें ग्राम भकुर्रा नवापारा स्थित हाई स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने क्षेत्रीय जनपद सदस्य गीता कृष्ण यादव, सरपंच ऋषिमुनि पटेल एवं विद्यालय प्राचार्य रजनी कुजूर की मांग पर हाईस्कूल परिसर में अहाता निर्माण के लिए 10 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 10 लाख, विद्यालय में पेयजल व्यवस्था हेतु 2 लाख एवं साफ-सफाई के लिए विधायक स्वेच्छानुदान मद से 25 हजार रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति को अपने कर्तव्यों, दायित्वों और अधिकार का बोध सरलता से हो जाता है। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उसे निखारने की जरूरत है। कार्यक्रम को सभापति परमेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, युवा नेता नवीन तिवारी, महामंत्री द्वय बलराम पटेल, मोहन पाटले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक योगेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मनोज साहू, प्रमोद पटेल, रोहित साहू, बलराम पोर्ते, अर्जुन पोर्ते, गौकरण ध्रुव, रामकुमार भोई, संतोष यादव सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विस के मानसून सत्र में उठाएंगे खाद-सड़क का मुद्दा: लहरिया



**सीपत/मस्तूरी।** मस्तूरी अंतर्गत आने वाले कई गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों के लोगों को कच्ची सड़कों पर चलना पड़ रहा है, गांव में पक्की सड़कें नहीं होने से बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया ने बताया कि यह समस्या मस्तूरी विधानसभा का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। क्षेत्र की कुछ सड़कों की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है, जिसमें बहतरा से आमाकोनी मार्ग, सोन मे सरारा नाला से सबरिया डेरा मार्ग, बिनौरी से हरदी भगवानपाली केनाल मार्ग शामिल है। लेकिन स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इसी प्रकार 2025-26 के बजट में सोनसरी से सोन बसंतपुर मुकुंदपुर मार्ग, धनगवा ओखर गीधपुरी भटचौरा होते हुए चिल्हाटी मार्ग, पचपेड़ी मेन रोड से केवतरा, जलसो, भरारी, लोहर्सी होते हुए चिल्हाटी मार्ग, बकरकुदा से मटिया मार्ग, लावर भोथीडीह, कोनी, इटवा, सरसेनी मार्ग, खम्हरिया, मड़ई, बिटकुला, निरतू मार्ग सहित अन्य सड़कें भी शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन कर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र की इन सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं पुलिया निर्माण के लिए कार्यों को शीघ्र ही प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने अनुरोध किया है।

# दैनिक जीवन में हिन्दी के उपयोग पर जोर




हिन्दी कार्यशाला में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

**लखराम।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड बिलासपुर में उप महाप्रबंधक ओलिम लकरा की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 जुलाई को एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में दपूमरे बिलासपुर के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पीएल जाटवर मुख्य अतिथि व हिंदी वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उप महाप्रबंधक ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी न केवल संचार की भाषा है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। इस अवसर पर उपकेंद्र की उप महाप्रबंधक मधुलिका दवे ने हिंदी की महत्ता एवं केंद्रीय स्तर पर इसकी उपयोगिता पर बल देते हुए कार्यालय कार्यों में हिंदी की महत्ता एवं उनके अनुप्रयोग पर अपनी बात रखी। मुख्य वक्ता पीएल जाटवर ने कार्यालयीन पत्राचार, टिप्पण व आलेखन, वर्तनी, राजभाषा नियम आधारित विषयों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कार्यशाला में भाग लेने वाले कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान संबंधी शंकाओं का समाधान किया। कार्यशाला में पावर ग्रिड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। मंच संचालन सहायक प्रबंधक सुनील कुमार साहू ने किया एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों को हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रति जागरूक रहने और इसे कार्यस्थल पर सहज रूप से अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने कार्यशाला में मौजूद सबी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देती जपं सदस्य।

# जपं सदस्य ने जनसंपर्क कर दी योजनाओं की जानकारी

**बोदरी।** जपं सदस्य जनक नंदनी कोशले ने शनिवार को ग्राम फदहा एवं ग्राम पंचायत लिमतरी में जनसंपर्क कर महिलाओं को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी।

जपं सदस्य ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने-कटवाने, पेंशन योजना से जुड़ी विभिन्न जानकारियां क्षेत्र की महिलाओं के बीच साझा की। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं से जनपद सदस्य को अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान लिमतरी सरपंच राज कुमार यादव, उपसरपंच कविता खुसरो, चंदन गोस्वामी, पूर्णिमा चेलकर, योगेश्वरी मरकाम, संगीता जगत, कुंती मरकाम, हेमा बाई खुसरो, लता मरकाम, रामकुमारी खुसरो आदि जपं सदस्य जनक नंदनी कोशले से साथ मौजूद रहे।




## कृषि विशेष

# अच्छी खाद, बीज व पौधों से आए हरियाली अच्छी फसल देख किसान मनाएं खुशहाली

मानसून की दस्तक के साथ ही खेती किसानी का मौसम आ चुका है। किसान भाईयों ने खेतो की जुताई व बोनी में जुट चुके है। किसानों को इस दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने कृषि विभाग तो मददगार है लेकिन हमारे शहर के प्रतिष्ठित संस्थान कृषि विजय, जायसवाल एग्रो, एस. एस. स्टील सेंटर, अग्रवाल खाद भण्डार आदि की भूमिका भी महत्वपूर्ण है जहां किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरण, ट्रैक्टर, रोटावेटर, जायरोवेटर तक मुहैया कराने वाले संस्थान मौजूद है. इसके साथ ही मिल्कियाना पशु आहार में हमारे पशुओं के पौष्टिक आहार उपलब्ध है।

खेती की योजना खरीफ फसलों की खेती का खेत के अनुसार योजना बनायें, अपने खेतों की स्थिति और मिट्टी के प्रकार के अनुसार, फसल एवं किस्मो का निर्धारण करें । तद्नुसार बीज बीजोपचार दवा, जीवाणु खाद, रसायनिक खाद, नीदानाशक दवा, कीटनाशक, इत्यादि अन्य सामाग्रियों की आवश्यक मात्रा का आकलन कर उनकी सूची बना लें। स्वयं तैयार किया गया बीज ही ज्यादातर किसान बोते है, इसलिये थोडे से रकबे में लगभग एक एकड़ क्षेत्र में आधार या प्रमाणित बीज को अपनी सूची में अवश्य स्थान दे। कीमत में ये थोड़े महंगे जरूर होते है लेकिन इनकी गुणवता बहुत ऊंचे दर्जे की होती है। इन बीजों से तैयार फसल स्वस्थ्य एवं ज्यादा पैदावार देने वाली होती है। जिसे आप अगली फसल मे बीज के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। फार्म प्लॉन या आगामी खरीफ फसलों की योजना बनाने में, अपने क्षेत्र के कृषि कार्यकर्ता से अवश्य परामर्श लें। भारी मिट्टी वाले बगार खेतों में सोयाबीन जैसी अच्छी आय देने वाली दलहन तिलहन फसलो की योजना अवश्य बनाये। निश्चित मानिये, व्यवस्थित और योजनाबद्ध रूप से खेती करने में आपको बेहतर पैदावार प्राप्त होगी।
















## खबर संक्षेप

### सिग्नल तोड़ने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई विष्णु यादव ने बताया, गणेशनगर निवासी ज्योत्सना पाल पित प्रणव 52 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पास आईटीएमएस से पहली बार बाइक में ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने का नोटिस दिया गया, उन्होंने जुर्माना पटा दिया। उसके बाद लगातार फिर से 4 बार जुर्माना पटाने का नोटिस आया तो वे आईटीएमएस गईं, वहां उनकी बाइक के नम्बर का फर्जी नम्बर लगाकर स्कूटी सवार युवक सिग्नल तोड़ते नजर आया। उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर अमेरी निवासी सुमीत बंजारे पिता संतोष बंजारे 24 साल को पकड़कर स्कूटी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने धारा 318 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### नहाने गया 7 साल का बालक अरपा में बहा

**बिलासपुर।** बच्चों के साथ नहाने गया 7 साल का बालक तेज बहाव में आकर बह गया है। पुलिस परिजन से पूछताछ कर पतासाजी में जुट गई है। देर रात तक उसका पता नहीं चल पाया था। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 12 जुलाई को लोखड़ी निवासी सनी पटेल का 7 वर्षीय बेटा काशी विश्वनाथ पटेल दोपहर 2 बजे गांव के अन्य बच्चों के साथ आमबगीचा पीपल पेड़ के नीचे अरपा नदी में नहा रहा था। तेज बहाव की चपेट में आने काशी विश्वनाथ नदी में बह गया और अन्य बच्चों को भनक तक नहीं लगी। सभी बच्चे अपने अपने घर चले गए। रात होने के बाद भी काशी विश्वनाथ घर नहीं आया तो हड़कंप मच गया। घरवाले गांव में उसकी खोजबीन करते रहे, किन्तु पता नहीं चला गया। रात करीब 9 बजे बच्चों ने परिजन को बताया, काशी विश्वनाथ उनके साथ नदी में नहाने गया था। रविवार को नदी में उसकी तलाश की जाएगी।

**स्वच्छता सर्वेक्षण** छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार, दिल्ली में 17 को आयोजित होगा सम्मान समारोह

# बिलासपुर निगम को मिलेगा राष्ट्रपति पुरस्कार, बिल्हा नगर पंचायत भी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर धमक दिखाई है। नई दिल्ली में आगामी 17 जुलाई को आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राज्य के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के पैमानों पर खरे उतरने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसीडेन्ट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम का तीन लाख से दस लाख



■ छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर धमक दिखाई

तक आबादी की शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या तक की श्रेणी में और बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इसके लिए चयनित किया गया है।

निगम आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छता में अच्छे कार्यों के लिए केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा रायपुर नगर निगम को मिनिस्टरियल अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को मान्यता देने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत इस बार सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) की एक विशेष श्रेणी की शुरूआत की जा रही है। इस लीग में उन शहरों को शामिल किया गया है जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हों और जो चालू वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण मूल्यांकन में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 200 में बने हुए हैं।

### पिछले साल 28 वें नंबर पर था निगम

ध्यान रहे कि पिछले साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बिलासपुर शहर को एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश का 28 वां सबसे साफ-सुथरा शहर घोषित किया गया। इससे पहले 20222 में दस लाख तक के शहरों की कैटेगरी में बिलासपुर 25 वें स्थान पर था, पर इस बार एक लाख से अधिक आबादी के सभी शहरों के बीच मुकाबला था। इसमें देश के कई बड़े महानगर शामिल थे। निगम उम्मीद कर रहा है कि इस बार रैंकिंग में सुधार होगा। टाप टेन में आने की बात भी कही जा रही है। गौरतलब है कि देशभर के 4,477 शहरों का सर्वेक्षण करते हुए रैंकिंग जारी की जा रही है।

### 5 स्टार और वॉटर प्लस रेटिंग का दावा

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने इस बार 5 स्टार और वॉटर प्लस रेटिंग का दावा किया है। वर्तमान में शहर को 3 स्टार रेटिंग प्राप्त है और यह ओडीएफ प्लस की श्रेणी में है। हालांकि चिंता की बात यह है कि हर महीने 4 करोड़ रुपए की मैकेनाइज्ड सफाई के बावजूद पिछले 6 सालों में शहर की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई है। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार कुल 12,500 अंक निर्धारित किए गए हैं। इसमें ओडीएफ श्रेणियों के लिए 1,200 अंक, गार्बेज फ्री सिटी के लिए 1,300 अंक, फेज 1 के लिए 500 अंक, फेज 2 के लिए 500 अंक और फेज 3-4 के लिए 9,000 अंक शामिल हैं।

**कार्रवाई :** 7 संदेहियों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ

# मारपीट के बाद लापता युवक की दूसरे दिन डबरी में लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट के बाद लापता युवक की डबरी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मारपीट करने वाले 7 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। छेड़खानी को लेकर विवाद होना बताया जा रहा है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, चुचुहियापारा नयापारा निवासी रूपेश ध्रुव शनिवार को दोपहर 3.30 बजे थाने में उपस्थित होकर बताया, उसका भाई कैलाश ध्रुव पिता राजेश ध्रुव 27 साल शुक्रवार की रात से घर नहीं आया है। उसने यह भी बताया रात में उसका भाई सोनू यादव, संजू यादव के साथ घूम रहा था। पुलिस ने दोनों युवकों को थाने में तलब कर



डबरी से लाश निकालती पुलिस टीम। इनसेट में मृतक।

पूछताछ की तो उसने रात 9.15 बजे कैलास ध्रुव का कुछ लोगों के साथ मारपीट होना बताया। उसके बाद पुलिसकर्मी दोनों युवक व उसके भाई को मौके पर जाकर देखे तो खून के धब्बा दिखा। आसपास में पतासाजी की तो घटनास्थल के पास एक मकान के पीछे डबरी कैलाश ध्रुव की लाश दिखी।। लापता युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। देर शाम मृतक का शव डबरी से निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से खून से रंगी मिट्टी जब्त की है।

### छेड़खानी करने पर मारपीट

हत्या की खबर लगते ही सीएसपी निमितेश सिंह परिहार बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के दोनों साथियों से पूछताछ कर मारपीट करने वाले 7 संदेहियों को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में संदेहियों ने बताया कि मृतक उनके घर के लड़की से छेड़खानी करता था। मना करने पर विवाद करता था। पूर्व में भी उनके बीच में मारपीट हुई थी और दोनों पक्ष ने थाने में रिपोर्ट लिखाए थे। शुक्रवार की रात मृतक गांजा पीकर दोनों दोस्तों के साथ आया और विवाद करने लगा, जिससे साधारण मारपीट हुई थी।

### भाग खड़े हुए थे दोनों दोस्त

संदेहियों के द्वारा मारपीट करने पर मृतक के दोनों दोस्त भाग गए थे। कुछ देर बाद मौके पर गए तो कोई नहीं था। उसके बाद दोनों अपने अपने घर लौट गए थे। इधर एक महिला के द्वारा मारपीट की सूचना डायल 112 को दी गई थी। डायल 112 मौके पर गई तो वहां कोई नहीं मिला था। जिससे पुलिस लौट गई थी।

# रिटायर्ड शिक्षक के घर सफाई करने गए युवक की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड शिक्षक के घर की छत की सफाई करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजन हत्या करने का आरोप लगाकर जांच की मांग कर रहे हैं। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है।



■ पीएम रिपोर्ट से होगा मृत्यु के कारणों का खुलासा

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, मंगला धूरीपारा निवासी सुनील पटेल 40 विगत 10 जुलाई को रिटायर्ड शिक्षक एनजी लकड़ा के बुलाने पर उनके घर के छत की सफाई करने गया था। शिक्षक का कहना है कि छत की सफाई करने के दौरान सुनील लोहे की सीढ़ी चढ़ रहा था, पैर फिसल जाने से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उसे मंगला चौक स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, वे उसके इलाज का पुरा खर्च वहन कर रहे थे। पूर्व में भी सुनील पटेल उनके घर में साफ सफाई व गाड़ी चलाने का काम कर चुका है। सूचना पर सुनील पटेल के घरवाले हास्पिटल जाकर देखे तो वह बदहवास था और बात नहीं कर पा रहा था। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। 12 जुलाई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच करने के बाद कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### यादें मो. रफी आडिशन आज

**बिलासपुर।** मो. रफी की याद में 13 जुलाई को स्वर परीक्षण रामा मैग्नेटो माल में होगा। नईम खान ने बताया कि प्रतिभागी सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक अपना आडिशन दे सकते हैं। इसका फायनल 31 जुलाई को होगा।






# बछड़े को कुचलकर मारने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बछड़े को कुचलकर मारने वाले कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी कार भी जब्त कर ली गई है।

ज्ञात हो कि 10 जुलाई की शाम नारियल कोठी रोड रानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास एक अज्ञात कार चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते गाड़ी मोड़ते हुए बछड़े को चपेट में लिया, जिससे बछड़े की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने में एक कार सवार बछले को कुचलते हुए नजर आ रहा था। पुलिस ने मोहित यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया



गिरफ्तार आरोपी व जब्त कार।

था। पुलिस ने शनिवार को कार सवार दयालबंद मधुबन रोड अटल आवास निवासी जितेन्द्र कुशवाहा पिता विरेन्द्र कुमार कुशवाहा 37 साल को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।

### मूर्ति की पेंटिंग करते करंट से कारीगर की मौत, ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मूर्ति की पेंटिंग करते समय करंट की चपेट में आने से कारीगर की मौत के मामले में जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, पुरूलिया पश्चिम बंगाल निवासी राहुल सेन पिता षष्टी सेन 24 साल कान्हा परिसर के पास मूर्ति दुकान में रहकर काम करता था। 3 सितंबर 2024 को शाम 4 बजे वह मूर्ति बनाने व पेंटिंग करने के दौरान करंट की चपेट में आकर झुलस गया। कर्मचारियों के द्वारा पेंटिंग मशीन का स्विच बंद कर उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। जांच में पाया कि उसे बिना किसी सुरक्षा उपकरण प्रदान किए प्रवाहित विद्युतधारा में पेंटिंग मशीन में काम करने कहा गया था। जांच के बाद पुलिस ने ठेकेदार अमित्र सूत्रधर पिता पीके सूत्रधर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।






# फीस को लेकर कोर्ट परिसर में मारपीट वकील व महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन पहले फीस को लेकर वकील व महिला के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने वकील व महिला दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बंगलायार्ड निवासी गंगाश्री ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनका कुटुम्ब न्यायालय में तलाक का प्रकरण चल रहा है, जिसकी पैरवी वकील लीला अग्रहरी द्वारा की जा रही थी। 10 जुलाई को तलाक की पैरवी थी। उन्होंने फोन लगाया तो वकील ने नहीं उठाया। वे लोग कोर्ट गए तो वे अपने चेम्बर में बैठी हुई थीं। उनकी मां भाई ने पैरवी के बोले तो उन्होंने मना कर दिया और अधिक फीस मांगने लगीं। आपत्ति करने पर गाली गलौज धमकी देने लगी। न्यायालय में पेश होने व फाइल देने से मना कर दिया। दूसरा वकील करने की बात कहते हुए वे फाइल उठाने लगी तो वे मारपीट करने लगीं। उनकी मां बीच बचाव करने आईं तो उन्हें धक्का दे दिया।

■ दो दिन पहले फीस को लेकर हुआ था विवाद

कोर्ट से वे पेशी की अगली तारीख लेकर बाहर निकली तो लीला अग्रहरी 20 से 25 वकीलों के साथ आकर उनका बाल पकड़कर मारपीट की। भाई ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। दूसरे पक्ष से लीला अग्रहरी ने आरोप लगाया है कि 3 पेशी से पेमेंट जमा नहीं करने के कारण उन्होंने अंतिम पेशी की फीस जमा करने को कहा तो गंगाश्री ठाकुर फीस जमा नहीं करेंगे पहले केस में खड़े होने की धमकी देने लगे। पैरवी करने से मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई है। उन्होंने विरोध किया तो उसके साथ आए मुकुंद ने भी उनके साथ हाथापाई की। कोर्ट से बाहर निकलने के बाद उसकी मां ने गाली गलौज की, जिससे झूमा झटकी हुई है। पुलिस ने गंगाश्री ठाकुर की रिपोर्ट पर वकील लीला अग्रहरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 व वकील लीला अग्रहरी की रिपोर्ट पर गंगाश्री ठाकुर, उसकी मां एवं मुकुंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लोन दिलाने का झांसा देकर 9 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** क्रेडिट कार्ड में लोन दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 9 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, कुम्हारापारा निवासी राजेन्द्र वर्मा ने क्रेडिट कार्ड में लोन लेने के लिए आनलाइन आवेदन दिया था। उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया और लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे ओटीपी नम्बर पूछा गया। श्री वर्मा का कहना है कि उन्होंने ओटीपी नम्बर नहीं बताया। उसके बाद भी उनके बैंक खाते से दो किश्त में 9 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।





